प्रेस नोट

दिनांक 03.09.2023

सराहनीय कार्य जनपद अमेठी

थाना इन्हौना पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 01 नफर अभियुक्त मय आलाकत्ल डण्डा के साथ गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 03.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक इन्हौना कंचन सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु , वाहन व तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 103/23 धारा 147,148,149,307,302,504,506 भादवि, 3(2)V एससी/एसटी एक्ट, 7 सीएलए एक्ट थाना इन्हौना जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त मोसिन पुत्र सादिक निवासी ग्राम करनगांव थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष पारसनाथ कौशल के बाग के समीप पुलिया के पास से समय करीब 07:10 बजे प्रात: में गिरफ्तार किया गया। पूछतांछ में अभियुक्त मोसिन ने बताया कि दिनांक-30.08.2023 को दिन में रिजवान व धनीराम से हमलोग मारपीट कर लिये थे जिसमें रिजवान की मृत्यु हो गई थी एवं धनीराम घायल हो गया था। जिसमें प्रयुक्त डण्डे को नहर पटरी के किनारे झाड़ियों के पास छिपा दिये थे। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डण्डा (आलाकत्ल) बरामद हुआ। थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

- मोसिन पुत्र सादिक निवासी ग्राम करनगांव थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी-

- 01 अदद डण्डा (आलाकत्ल)।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 103/23 धारा 147,148,149,307,302,504,506 भादवि, 3(2)V एससी/एसटी एक्ट, 7 सीएलए एक्ट थाना इन्हौना जनपद अमेठी। (में वांछित)

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
2. हे0का0 मनोज कुमार थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
3. का0 मंजेश यादव थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
4. का0 शेरुम अंसारी थाना इन्हौना जनपद अमेठी।